# शेफ कुनाल, राकी और मयूर ने बनाई लखनवी मलाई गिलौरी

लखनऊ। बुधवार को मशहूर शेफ कुनाल कपूर और हाई वे आन माई प्लेट के मशहूर सितारे राकी और मयूर ने 212 साल पुरानी लखनऊ की मलाई गिलौरी का लुफ्त उठाया। भारत की प्राचीन मिठाईयों और लजीज व्यंजनों को देश दुनिया तक पहुंचाने और आज के दौर के मुताबिक सेहतमंद बनाने के मकसद से द स्वीट ब्रेकअप के नाम से ट्रक लेकर निकले शेफ कुनाल ने बताया कि दिल्ली में चांदनी चौक की मशहूर तिवारी ब्रदर्स के गुलाब जामुन को शूगर फ्री बनाने के बाद टूर आज नवाबों की नगरी पहुंचा है। कुनाल ने कहा कि लखनऊ की मशहूर मिठाई को शूगर फ्री बनाने के लिए उन्होंने राम आसरे की मलाई गिलौरी का चुनाव किया और चेलेंज स्वीकार करते हुए इसे शूगर फ्री बनाने का बीड़ा उठाया है। उन्होनें बताया कि राम आसरे की छठवीं पीढ़ी के सुमन बिहारी ने लजीज पकवान मलाई गिलौरी बनाने के सब राज़ तो नहीं खोलें और चेलेंज किया कि इसे शूगर फ्री नहीं बनाया जा सकता।